SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़,शुक्रवार 07 फरवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 130

## भारत व मेडागास्कर करेंगे समुद्री सुरक्षा में एक दूसरे का सहयोग

**लखनऊ (आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लखनऊ में डिफेंसएक्सपो 2020 के दूसरे दिन मेडागास्कर के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल रोकोटोनिरीना रिचर्ड के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। चर्चा के दौरान, रक्षा मंत्री ने समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में संबंधों को प्रगाढ़ करते हुए सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।**



उन्होंने कहा कि, समुद्री पड़ोसियों के रूप में दोनों देशों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे सुरक्षित समुद्री वातावरण विकसित करें ताकि दोनों देशों के बीच व्यापार और वाणिज्य तेजी से आगे बढ़े।

मार्च 2018 में राष्ट्रपति की मेडागास्कर की राजकीय यात्रा को रेखांकित करते हुए, राजनाथ सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक यात्रा ने दोनों देशों के बीच उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रमुख भूमिका निभाई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित एमओयू ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के लिए एक सक्षम वातावरण प्रदान किया।

रक्षा मंत्री ने आशा व्यक्त की कि डेफएक्सपो 2020 दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को और मजबूत करने और आपसी जुड़ाव के विभिन्न क्षेत्रों की खोज करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

लेफ्टिनेंट जनरल रोकोटोनिरीना रिचर्ड ने संबोधित करते हुए कहा कि समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ाने में भारत की बड़ी भूमिका है। उन्होंने ऑपरेशन वनिला के लिए अपनी सरकार की तरफ से आभार व्यक्त किया, जिसमें भारतीय नौसेना ने 'चक्रवात डायन' की वजह से मेडागास्कर के प्रभावित जनता को सहायता प्रदान किया था। मेडागास्कर के रक्षा मंत्री ने इस वर्ष 26 जून के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आमंत्रित किया।

## शुन्यकाल में उठा प्रदूषित जल की समस्या का मामला



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषित पेयजल से होने वाली बीमारी का मुद्दा गुरुवार को राज्यसभा में उठाया गया और इस समस्या के समाधान की मांग की गई।

भारतीय जनता पार्टी के विजयपाल सिंह तोमर ने शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुये कहा कि औद्योगिक कचरे के कारण 80 प्रतिशत पेयजल स्त्रोत प्रदूषित हो गए हैं। औद्योगिक कचरे को नदियों में डाला जा रहा है जिसके कारण लोगों को कैंसर, टीवी, लीवर और कई अन्य बीमारियां हो रही है। उन्होंने कहा कि उद्योगों के प्रदूषित पानी को शोधित किया जाना चाहिये और इसकी निगरानी की जानी चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के अहमद हसन ने राज्यों में आर्सेनिक के कारण लोगों को होने वाली बीमारी का मुद्दा उठाते हुये कहा कि अब इसका असर कृषि और पशुओं के स्वास्थ्य पर भी होने लगा है। पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और असम में यह समस्या अधिक है। उन्होंने इस समस्या पर शोध किये जाने पर जोर दिया। तृणमूल कांग्रेस के मानस रंजन भुनिया ने कहा कि अत्यधिक एंटीबायटिक के प्रयोग के कारण कुछ बीमारियों पर दवा का असर नहीं होता है। उन्होंने सरकार से इस मुद्दे पर ध्यान देने की मांग की।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आठ को नहीं होगा चेंज ऑफ गार्ड समारोह

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के विधान सभा चुनाव के मतदान की तारीख होने और श्रीलंका के प्रधानमंत्री दौरे के कारण राष्ट्रपति भवन परिसर में शनिवार 8 फरवरी को चेंज ऑफ गार्ड समारोह आयोजित नहीं किया जाएगा।

### सरकार के विश्वास एवं भरोसे पर आधारित है अनुच्छेद-370 का समापन:मोदी

**» लोकसभा में राष्ट्रपति के सम्बोधन पर धन्यवाद प्रस्ताव में दिया बयान**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के सम्बोधन पर धन्यवाद प्रस्ताव में कहा कि संविधान के अनुच्छेद-370 के समापन से देश के शेष हिस्से के साथ जम्मू-कश्मीर को पूरी तरह जोड़ना सम्भव हुआ है। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर को भारत का मुकुट-मणि बताते हुए कहा कि सभी मतों तथा सूफी परम्परा के प्रति सर्व-धर्म समभाव ही जम्मू-कश्मीर की असली पहचान है।

### लोग गति और परिमाण, दृढ़ संकल्प और तेजी से निर्णय लेने की क्षमता चाहते हैं:मोदी

**» कृषि बजट में हुई पांच गुना बढ़ोतरी**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का अभिभाषण उम्मीद की भावना पैदा करता है और आने वाले समय में राष्ट्र को आगे ले जाने का रोडमैप प्रस्तुत करता है।

### रूसी ओईएम तथा भारतीय कम्पनियों के बीच 14 सहमति पत्रों का हुआ आदान-प्रदान

**लखनऊ (आरएनएस)।** रक्षा प्रदर्शनी-2020 के साथ-साथ लखनऊ में गुरुवार को पांचवां भारत-रूस सैन्य औद्योगिक सम्मेलन (आईआरएमआईसी) का आयोजन किया गया। भारत की ओर से रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार तथा रूसी संघ की ओर से उद्योग एवं व्यापार उपमंत्री ओलेग रियाजांत्सेव ने सम्मेलन की अध्यक्षता की।

### वुहान से आए सभी 645 लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि नहीं

**» कोरोना वायरस को कोई नया मामला सामने नहीं आया**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** गुरुवार तक 1265 उड़ानों के 1,38,750 यात्रियों की नोवल कोरोना वायरस बीमारी की जांच की गई है। अब तक किसी नए मामले का पता नहीं चला है। चीन के वुहान से आए सभी 645 यात्रियों की जांच के बाद उनमें कोरोना वायरस की पुष्टि नहीं हुई। इसके अलावा भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की प्रयोगशालाओं द्वारा 510 नमूनों की जांच की गई, जिनमें से पहले से पॉजिटिव पाए गए तीन मामलों को छोड़कर सभी मामलों में जांच के बाद कोरोना वायरस की पुष्टि नहीं हुई है। कोरोना वायरस की पुष्टि वाले तीन मामले नैदानिक तौर पर स्थिर बने हैं।

### महाभियोग मामले में राष्ट्रपति ट्रंप को मिली जीत

**» सभी आरोपों में मिला क्लीन चिट**

**वाशिंगटन।** महाभियोग का सामना कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जीत हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिरकार महाभियोग से बरी हो गए। करीब दो सप्ताह तक चले ट्रायल के बाद अमेरिकी सीनेट ने डोनाल्ड ट्रंप को सभी आरोपों में क्लीन चिट दे दी। अमेरिका की सीनेट ने बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को महाभियोग के दो आरोपों- सत्ता के दुरुपयोग और कांग्रेस को बाधित करने आरोप से बरी कर दिया।

**» नेपाल भागने की फिराक में था आरोपी**

## पड़ोसी के साथ पत्नी को देख पति ने की हत्या



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के बसई दारापुर गांव में अपनी पत्नी को पड़ोसी युवक के साथ देखकर गुस्साए पति ने लाठी से पीटकर उसकी हत्या कर दी। 2 फरवरी की रात 50 वर्षीय रीता थापा की हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया। रीता का 27 वर्षीय बेटा कृष्णा थापा जब 3 फरवरी की सुबह घर पहुंचा, तो उसने सूचना पुलिस को दी। मोती नगर थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया। पुलिस ने एक घंटे में 38 वर्षीय आरोपी सुमित लांबा को टैगोर गार्डन से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अपने घर नेपाल भागने की फिराक में था। पुलिस उपायुक्त दीपक पुरोहित ने बताया कि 3 फरवरी को 11.30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला अपने घर में बेसुध हालत में पड़ी है। महिला के बेटे ने फोन किया था। आलाअधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की तो पाया कि महिला की मौत हो चुकी है। पुलिस ने बेटे के बयान पर हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू की। प्राथमिक जांच में सामने आया कि रीता थापा के पहले पति की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। पहले पति की मौत के बाद से रीता बेटे कृष्णा के साथ बसई दारापुर गांव में रहती थी। यहां सुमित लांबा से उसने 2014 में शादी की थी।

**नेपाल भागने की फिराक में था युवक**

कृष्णा 3 फरवरी की सुबह घर पहुंचा तो उसने अपनी मां को मृत पाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मोती नगर थाना एसएचओ संदीप कुमार अपनी टीम के साथ पहुंचे और जांच शुरू की।

## अंतिम समय में रुकी महंत नृत्यगोपाल-चंपत राय की राह

**बाबरी विध्वंस मुकदमे के कारण रखा गया राम मंदिर ट्रस्ट से दूर**

**» गठित ट्रस्ट में दो खाली पदों की यही है वजह**

**» रामनवमी के दिन भव्य शिलान्यास की योजना**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राम मंदिर निर्माण के लिए बुधवार को गठित ट्रस्ट में राम जन्म भूमि न्यास के महंत नृत्य गोपाल दास और विहिप उपाध्यक्ष चंपत राय को शामिल किए जाने का मामला अंतिम समय में टल गया। सरकार महंत नृत्य गोपाल को ट्रस्ट का कमान देने केलिए भी राजी थी। इसी बीच बाबरी विध्वंस मामले से जुड़े मुकदमे में इन दोनों के आरोपी होने के आधार पर निर्णय को अंतिम समय में टाल दिया गया। सरकार और संत पक्ष दोनों को अंदेशा था कि इन्हें ट्रस्ट में शामिल करने पर मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा। इससे मंदिर निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने में देरी हो सकती थी। सूत्र के मुताबिक मंगलवार को गठित राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में अभी भी दो सदस्यों का पद खाली है। ट्रस्ट में शामिल करने वालों के नामों पर माथपच्ची के दौरान जो अंतिम सूची बनी उनमें महंत नृत्य गोपाल और चंपत राय का नाम था। इसी बीच जब इन पर बाबरी विध्वंस मामले में चल रहे मुकदमे पर चर्चा हुई तो इन दोनों को फिलहाल ट्रस्ट से दूर रखने का फैसला किया गया है। ट्रस्ट का कहना था कि सरकार और संत दोनों पक्षों का मानना था कि इन्हें ट्रस्ट में शामिल करने पर मुस्लिम पक्ष मुकदमे का सामना करने के बावजूद ट्रस्ट में शामिल किए जाने का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट जा सकते थे।

### यौन उत्पीड़न के आरोप में जेएनयू का छात्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय यानी जेएनयू के एक छात्र को कैंपस में छात्रा के कथित यौन उत्पीड़न के लिए पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जिस छात्र को गिरफ्तार किया है, उसका नाम राघवेंद्र मिश्रा है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि जेएनयू के छात्र राघवेंद्र मिश्रा को कैंपस में एक छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोपी छात्र राघवेंद्र मिश्रा के खिलाफ धारा 354 और 323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सूर्य नमस्कार कर पीठ को बनाऊंगा मजबूत:मोदी

**» पीएम ने राहुल पर कसा तंज**

**» कहा-अरे करंट पहुंचने में 40 मिनट लग गए**

**» अधीर को बताया फिट इंडिया का ब्रांड अंबेस्डर**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पिछले 40 मिनट से बोल रहा हूं मगर करंट अभी पहुंचा है। बहुत सी ट्यूब लाइट्स ऐसी ही होती हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देने के दौरान जब राहुल गांधी के टोकने पर पीएम की ओर से किए गए तंज पर सारा सदन हंसते हंसते लोटपोट हो गया। डंडे मारने संबंधी राहुल के बयान के जवाब में पीएम ने सूर्य नमस्कार के जरिए पीठ को मजबूत करने की बात कही। इस दौरान भाषण के दौरान टोकने वाले अधीर रंजन चौधरी, सौगत राय और शशि थरूर को भी नहीं बख्शा।

अपने भाषण के बीच पीएम ने राहुल का नाम लिए बगैर उनकी डंडा मारने संबधी टिप्पणी की चर्चा की। मोदी ने कहा कि लोग मुझे डंडे मारने की बात कहते हैं। इतना भी आसान नहीं है इसलिए उन्होंने छह महीने की बात कही है, ऐसा करने की तैयारी करने में इतना समय तो लगता ही है। इससे मुझे भी तैयारी करने का समय मिल गया है। मैं छह महीने में कोशिश करूंगा कि सूर्य नमस्कार की संख्या बढ़ा दूं। इसके जरिए मैं अपनी पीठ को मजबूत बना लूंगा। अपनी मेरी पीठ को ऐसा बना लूंगा कि हर तरह का डंडा झेल सके। मेरे पास भी छह महीने का समय है। बीते 20 वर्षों में गंदी गंदी गालियां सुनते रहने के बाद अपने आपको गालीप्रूफ बना लिया हूं। अब पीठ मजबूत करने की बारी आई है।

इसी बीच पीएम ने जब संविधान बचाने संबंधी विपक्ष के अभियान की चर्चा की तो राहुल अपनी सीट से खड़े हो गए। उन्होंने कुछ टिप्पणी की। ऐसा लगा कि जैसे पीएम को राहुल की टिप्पणी का ही इंतजार हो। उन्होंने मुस्कुराते हुए राहुल की ओर इशारा किया और तंज कसते हुए कहा पिछले 40 मिनट से बोल रहा हूं, लेकिन वहां करंट अभी पहुंचा है।

## आयकर विभाग ने फिल्म उद्योग की प्रमुख हस्तियों के परिसरों की तलाशी ली

INCOME TAX DEPARTMENT

**चेन्नई (आरएनएस)।** आयकर विभाग ने तमिलनाडु के एक निर्माता, एक जाने-माने अभिनेता, उनके वितरक और कोषाध्यक्ष सहित फिल्म उद्योग की 4 प्रमुख हस्तियों के परिसरों की 05-02-2020 को तलाशी ली।

इन सभी हस्तियों के बीच समानता हाल की फिल्म की सफलता थी जो बॉक्स ऑफिस पर लगभग 300 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी थी। समूह के लगभग 38 परिसरों की तलाशी ली गई और चेन्नई और मदुरै में सर्वेक्षण कार्य किया गया।

तलाशी के दौरान चेन्नई और मदुरै स्थित ठिकानों और गोपनीय स्थानों से लगभग 77 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की गई जो कथित रूप से कोषाध्यक्ष से संबंधित है। तलाशी के दौरान बड़ी संख्या में संपत्ति के दस्तावेज, प्रतिज्ञा पत्र, आगे की तारीखों के चेक जिन्हें कोलेटरल सुरक्षा के रूप में लिया गया था, उन्हें जब्त कर लिया गया। तलाशी के दौरान पाए गए सबूतों के अनुसार, अनुमान है कि इस मामले में 300 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि को छिपाने का प्रयास किया गया।

वितरक, जो तलाशी लिए गए समूह का एक हिस्सा है, वह एक बिल्डर भी है। ठिकाने से बरामद वितरक से संबंधित सभी दस्तावेज मौलिक हैं। बरामद दस्तावेजों वाला परिसर उसके दोस्त का घर था। सबूतों की जांच की जा रही है।

## राम मंदिर ट्रस्ट को मिलेंगे 11 करोड़ रुपए

**» बैंक में जमा है राशि**

**अयोध्या (आरएनएस)।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए मोदी सरकार ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का ऐलान कर दिया है। नवगठित ट्रस्ट को मंदिर निर्माण के लिए अधिग्रहीत भूमि के अलावा रामलला विराजमान को चढ़ावे में मिले करीब 11 करोड़ रुपये और स्वर्ण आभूषण भी सौंपे जाएंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चढ़ावे की यह धनराशि भारतीय स्टेट बैंक की अयोध्या शाखा में जमा है। दिसंबर 1992 की घटना के बाद तत्कालीन केन्द्र सरकार ने सात जनवरी 1993 को भूमि अधिग्रहण कानून पारित किया था। 1994 में मोहम्मद इस्माइल फारुखी के केस की सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने इस कानून को मान्यता दे दी थी। तभी से भारतीय स्टेट बैंक में खाता खुलवाकर रामलला के दानपात्र की धनराशि जमा कराई जाती है। यह भी जानकारी दी गई कि चढ़ावे की इस धनराशि के अलावा स्वर्णाभूषण भी हैं जिनका फिलहाल मूल्यांकन नहीं कराया गया है। यह सभी आभूषण जिला कोषागार में रखवाए गए हैं।

ट्रस्ट को बैंक राशि के अलावा यह आभूषण भी साथ में प्रदान किए जाएंगे।



**रामलला के चढ़ावे से पुजारियों को बंटता भत्ता**

रामलला को चढ़ावे में मिली राशि से मुख्य पुजारी और चार अन्य पुजारियों को मासिक भत्ता दिया जाता है।

### केंद्र की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 7 फरवरी को करेगा सुनवाई

**» निर्भया काण्ड**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** निर्भया सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र और दिल्ली सरकार की याचिका पर वह शुक्रवार को सुनवाई करेगा। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि सभी चारों दोषियों को एक साथ फांसी की सजा दी जाएगी ना की अलग-अलग। अपनी अपील में केंद्र सरकार ने कहा कि सवाल यह है कि क्या एक दोषी जो अपने सभी उपचारों को समाप्त कर चुका है।

## कुष्ठ उन्मूलन के लिए राष्ट्रपति ने दिया अंतरराष्ट्रीय गांधी पुरस्कार



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गुरुवारा को कुष्ठ रोग के खिलाफ किए गए प्रयासों के लिए डा. एनएस धर्मशक्तु को व्यक्तिगत श्रेणी तथा कुष्ठ रोग मिशन ट्रस्ट को संस्थागत श्रेणी में अंतरराष्ट्रीय गांधी पुरस्कार से सम्मानित किया।

उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि 'हमने पिछले सालों में कुष्ठ रोग के खिलाफ चलाए गए अभियान में काफी कुछ हासिल किया है। प्रति दस हजार आबादी पर एक मामले से भी कम के रूप में परिभाषित कुष्ठ उन्मूलन के स्तर को हासिल किया गया है। इसके अलावा, कुष्ठ रोग के खिलाफ पूर्वाग्रह तथा उसे एक सामाजिक अभिशाप के रूप में देखने का चलन, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, संगठनों और सामुदायिक कार्यकर्ताओं के निरंतर काम की बदौलत काफी कम हो गया है। हालाँकि इसके बावजूद हम इस रोग के खिलाफ अपनी सतर्कता कम नहीं कर सकते क्योंकि इसके नए मामले प्रकाश में आते रहते हैं।'उन्होंने कहा कि कुष्ठ नियंत्रण गतिविधियों में प्रमुख चुनौती नियंत्रण गतिविधियों पर ध्यान केन्द्रित रखना तथा इसमें सतता बनाए रखना है। राष्ट्रपति ने कहा 'हमें कुष्ठ रोगों के मामलों के शीघ्र पता लगाने की दिशा में अपने प्रयासों को तेज करने के साथ ही इसके उपचार के लिए आसान पहुंच सुनिश्चित करना तथा ऐसे क्षेत्रों में एकीकृत कुष्ठ रोग सेवाएं प्रदान करना है जिन क्षेत्रों में इस रोग को लेकर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है।